हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 26 अगस्त 2025

04 विधायक ने किया साइकिलों का वितरण..



07 केमिस्ट मिलन समारोह का आयोजन ड्रग इंस्पेक्टर ...





## खबर संक्षेप

### नाबालिग को खोजकर परिजनों के सुपुर्द किया

**विदिशा।** कोतवाली थाने में 20 अगस्त को नाबालिग बालिका के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। 23 अगस्त को बालिका को आरोपी के कब्जे से भोपाल स्थित न्यायालय परिसर से बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया। आरोपी विशाल सोनी पिता राजकुमार सोनी उम्र 30 साल निवासी खुजनेर, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार कर न्यायालय विदिशा में पेश किया गया। जहां से उसे जिला जेल भेज दिया गया है।

### रेलवे स्टेशन पर मिला गुम बालक

**विदिशा।** 21 अगस्त को गुम हुई एक नाबालिग बालक को कोतवाली पुलिस ने खोजकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। 13 वर्षीय नाबालिग बालक के गुम होने की की सूचना परिजनों ने थाने में दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू की। 22 अगस्त को बालक पुलिस को रेलवे स्टेशन पर मिल गया। जिसे परिजनों को सौंप दिया गया है।

### हर रविवार पर्यावरण के लिए कुछ नया करेंगे

**कुरवाई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुरवाई इकाई ने स्टूडेंट्स फॉर डेवलपमेंट के तहत संडे फॉर कुरवाई के नारे के साथ हर रविवार को पर्यावरण संरक्षण के लिए कुछ करने का निर्णय लिया है। इस पहल की शुरुआत रविवार भौंरासा विश्राम गृह पर संडे फॉर कुरवाई का पोस्टर विमोचन करने के साथ हुई। जिला विस्तारक हिमांशु श्रोती, एबीवीपी के भाग संयोजक अभिजीत सप्रे ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर जोर देते हुए लोगों से अपील की कि वे अपने दैनिक जीवन में अनुकूल आदतें अपनाएं। कचरा संग्रहण, प्लास्टिक उपयोग में कमी और जल संरक्षण जैसे मुद्दों पर जागरूकता फैलाई जाएगी। इस दौरान नगराध्यक्ष अभिषेक तिवारी, नगर मंत्री वेदांत जैन, सत्यजय मांझी, कुलदीप राजपुत, आशु गोस्वामी, प्रिंस लाला, हर्ष सप्रे, अभि, शिव, यश, अमित,तरुण, ऋषिराज आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### थाने में हुई बैठक

**कुरवाई।** त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने धर्म गुरुओं एवं जनप्रतिनिधियों के साथ थाने में बैठक की गई। तहसीलदार नागेश पवार ने गणेश उत्सव पर्यूषण पर्व, ईद मिलादुन्नबी, डोल ग्यारस आदि पर होने वाले कार्यक्रमों के संबंध चर्चा कर सौहार्द से त्योहार मनाने पर जोर दिया।

### भाईचारे के साथ त्योहार मनाने पर दिया जोर

**हैदरगढ़।** सोमवार को थाना परिसर में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक हुई। थाना प्रभारी केके पवार ने सभी से आपसी भाईचारे एवं सौहार्द के साथ गणेश उत्सव, ढोल ग्यारस, अनंत चतुर्दशी एवं अन्य पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिए कि पंडालों में लगने वाली विद्युत तारों को सुरक्षित ढंग से व्यवस्थित करें। पंडाल इस तरह से लगाएं की आवागमन चालू रहे। शिकायत मिलने पर नियम अनुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी। नागरिकों ने भी प्रशासन को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि रात्रि गश्त और थाने के वालंटियर लगातार निगरानी रखेंगे।

### शोभायात्रा में शामिल होंगे ग्वालियर सांसद

**नटेरन।** अखिल भारतीय कुशवाह महासभा द्वारा आज मंगलवार को सुबह 11 से भगवान कुश के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा नटेरन पुलिस क्वार्टर से प्रारंभ होकर मुख्य मार्गों से होते हुए मांगलिक भवन सेऊ रोड पहुंचेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर सांसद भारत सिंह कुशवाह, कुश कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नारायण सिंह कुशवाह (कैबिनेट मंत्री दर्जा) एवं समाज के प्रदेश व जिला पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## सेना भर्तीः युवाओं में भारी उत्साह 653 में से 403 ने पास की दौड़



विदिशा। सेना भर्ती के चौथे दिन राजगढ़ के युवाओं ने दिखाया दम। दौड़ पास करने वाले युवाओं को शारीरिक दक्षता की प्रक्रिया से गुजरेंगे। मेडिकल जांच होने के बाद सेना में भर्ती होने का मौका मिलेगा।

**विदिशा।** अग्निवीर भर्ती रैली के चौथे दिन सोमवार को राजगढ़ जिले के युवाओं ने दम दिखाया। कुल 743 उम्मीदवारों में से 653 युवाओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। कर्नल जयशंकर सिंह ने बताया कि दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने उत्साह और प्रतिस्पर्धात्मक भावना का परिचय देते हुए दमखम दिखाया। इनमें से 403 उम्मीदवारों ने दौड़ परीक्षा उत्तीर्ण की। यह चयनित युवा शारीरिक दक्षता, कागजी कार्रवाई तथा मेडिकल जांच की आगामी प्रक्रिया से गुजरेंगे। भर्ती रैली के दौरान युवाओं में भारतीय सेना का हिस्सा बनने को लेकर उत्साह और जोश देखा जा रहा है। भारतीय सेना में चयन पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं केवल योग्यता के आधार पर किया जाता है। भर्ती प्रक्रिया प्रशासन के सहयोग से सुचारू रूप से संचालित हो रही है।

## पार्षदों ने की गणेशोत्सव से पहले सड़क मरम्मत की मांग



विदिशा। मूलभूत समस्याओं को दूर करने नेता प्रतिपक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

सोमवार को कांग्रेस के नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी और पार्टी पदाधिकारियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

पिछले दो महीनों से नगरपालिका के कामकाज पर जांच का बहाना बनाकर रोक लगाई गई है। अधिकारियों का कहना है कि जांच के चलते कोई विकास कार्य नहीं हो पा रहा है। नेता प्रतिपक्ष आशीष माहेश्वरी ने कहा कि भाजपा ने विकास के जो वादे किए थे वे पूरे नहीं हो रहे हैं। गणेश उत्सव नजदीक है और सड़कों पर बड़े गड्ढे होने से प्रतिमाओं की स्थापना में परेशानी हो सकती है। यह दुर्घटनाओं का कारण भी बन सकता है।

आशीष माहेश्वरी ने कहा शहर की स्ट्रीट लाइट बंद है। सड़कों का निर्माण होना है। उनको शीघ्र कराया जाए। बेतवा के घाट का सौंदर्यकरण, ज्योति स्तंभ को व्यवस्थित और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की तख्ती लगाई जाएं। मुक्तिधाम की बाउंड्री बनाई जाए और तिलकचौक का सौंदर्यकरण किया जाए।

### समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने अधिकारियों को दिए निर्देश

## प्रकरणों का ऐसा समाधान करें की एक भी प्रश्न समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में शामिल न हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सोमवार को लंबित आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने समाधान ऑन लाइन कार्यक्रम में शामिल विषयों पर आधारित दर्ज सीएम हेल्पलाइन आवेदनों के निराकरणों पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने बताया कि गुरुवार 28 अगस्त को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में पूर्व तय विषयों से संबंधित जिले के एक भी प्रश्न शामिल न होने पाए ऐसा समाधान विभागीय अधिकारी कराना सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर श्री गुप्ता ने समीक्षात्मक बैठक में सीएम हेल्पलाइन के पचास व सौ दिवस की शिकायतो की भी विभागवार समीक्षा की। इस दौरान प्रदेश स्तरीय जारी रैंकिंग सूची में विभागों की क्या-क्या रैंक है कि जानकारी संबंधित विभागों के अधिकारियों से प्राप्त की। उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों को विभागीय अधिकारी हल्के में न लें अन्यथा कार्रवाई के स्वंय दोषी होंगे। कलेक्टर ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं में संबंधित विभागों के माध्यम से लाभ दिलाया जाना है। इसलिए हितग्राहियों के आधार कार्ड, ईकेवायसी, डीबीटी सहित अन्य तकनीकी समस्याओं का समाधान पूर्व में ही कराया जाना सुनिश्चित करें ताकि हितग्राही द्वारा योजना के हितलाभ हेतु आवेदन के दौरान दस्तावेंजो की पूर्ति में किसी भी प्रकार की कमी ना हो पाए। टीमवर्क की भावना से सभी विभाग तकनीकी समस्याओं का समाधान कर पात्रताधारकों को लाभ दिलाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। कलेक्टर ने लंबित आवेदनों की समीक्षा के दौरान जिले में क्रियान्वित विभिन्न अभियानो की अद्यतन प्रगति का भी जायजा लिया।




विदिशा। समीक्षा बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों को निर्देश देते हुए कलेक्टर अंशुल गुप्ता।

### जिलाधिकारियों को पंचायतें आवंटित करने के निर्देश

कलेक्टर ने जिला पंचायत सीईओ को निर्देश दिए हैं कि सभी विभागों के जिलाधिकारियों को ग्राम पंचायतें आवंटित कीं जाएं। ताकि जिलाधिकारी भ्रमण कर संबंधित ग्राम पंचायत व अधीनस्थ गांव में शासन की योजनाओं की जानकारी तथा स्थानीय रहवासियों की मूलभूत समस्याओं से अवगत होकर समाधान की पहल गांव में हो सकें। कलेक्टर ने उपरोक्त बैठक के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी खाद की कालाबाजारी न हो और निर्धारित दर पर ही विक्रय हो। इसके अलावा शासकीय मोहर हरेक खाद की बोरी पर अनिवार्य रूप से लगाई जाए ताकि इस बात का पता चल सकें कि खाद की बोरी जिले में कहां से क्रय की गई है।

### जैन कॉलेज में प्राचार्य पद का मामला

## एसके उपाध्याय ही प्राचार्य के रूप में कार्य करते रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

जैन कॉलेज में प्राचार्य पद की नियुक्त के मामले में उच्च न्यायालय ग्वालियर ने 5 अगस्त के आदेश पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

कॉलेज अध्यक्ष सेठ संजय जैन के अनुसार उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि डॉ. एसके उपाध्याय प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य करते रहेंगे। बहस के दौरान यह भी चर्चा हुई कि अनुदान प्राप्त कॉलेजों में प्राचार्य पद की नियुक्ति में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रशासनिक आदेश द्वारा दखल नहीं दिया जा सकता। अनुदान प्राप्त संस्था में शासन का दखल बहुत सीमित होता है। डॉ. अर्चना जैन प्रकरण में उच्च शिक्षा विभाग ने भी माना कि प्राचार्य के लिए वरिष्ठता के साथ योग्यता भी अहम है। ताकि कॉलेज में शैक्षणिक माहौल बना रहे।

### अर्चना जैन के खिलाफ विभागीय जांच भी जारी

शासी निकाय भी डॉ. अर्चना जैन को प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करने में सहमत नहीं है और उनकी प्राचार्य पद हेतु योग्यता डॉ. एसके उपाध्याय से कमतर होने के कारण शासी निकाय की बैठक में भी उपाध्याय द्वारा प्राचार्य पद की योग्यता पूर्ण करने के कारण उनको प्रभारी प्राचार्य नियुक्त करने का निर्णय लिया गया था। डॉ. अर्चना जैन के खिलाफ डॉ. शोभा जैन के साथ अभद्रता के प्रकरण को लेकर विभागीय जांच भी जारी है विभागीय जांच के चलते प्रभारी प्राचार्य का प्रभार नहीं दिया जा सकता।

## माता पिता के साथ छात्र के जीवन में गुरु का भी बढ़ा महत्व होता हैः विधायक मीणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶नटेरन

शमशाबाद विधायक सूर्य प्रकाश ने सोमवार को ग्राम पंचायत जोहद एवं मरखेड़ा का दौरा किया।

दौरा कार्यक्रम के दौरान शासकीय उमावि जोहद एवं हाईस्कूल मरखेड़ा में छात्र छात्राओं को साइकिल वितरण कीं। विकासखंड शिक्षा अधिकारी राकेश सेन एवं बीआरसी ईश्वरीय प्रसाद शर्मा ने विधायक मीणा का स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्री मीणा ने अपने संबोधन में कहा कि सभी बच्चे आवश्यक रूप से ध्यान देवें माता पिता के बाद गुरु का स्थान अपने जीवन में बड़ा महत्व रखता है। हमें अपने गुरुओं का हमेशा आदर करना चाहिए। सभी नित्य सुबह जल्दी उठकर पढ़ाई करें। लिखने का अभ्यास भी अच्छा होना चाहिए। सबसे महत्वपूर्ण बात लक्ष्य हमेशा उच्च होना चाहिए। विधायक श्री मीणा ने कहा कि भाजपा सरकार भी शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तेजी से काम कर रही है। विद्यालय की प्राचार्य तृप्ति अग्रवाल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर विधायक का स्वागत किया ग्राम मरखेड़ा में भाजपा नेता बहादुर सिंह दांगी एवं बासौदा नपा उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर ने विधायक का स्वागत किया गया। मरखेड़ा में मांगलिक भवन एवं विद्यालय के लिए नवीन भवन की मांग की गई।




कार्यक्रम को संबोधित करते विधायक सूर्यप्रकाश मीणा।

## पुस्तक मेले में आज होंगे अनेक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

ऑडिटोरियम में आयोजित पुस्तक मेले में विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

प्रथम सत्र में जलज कुमार वर्मा, संसाधन व्यक्ति के नेतृत्व में कला एवं शिल्प विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें शासकीय सांदीपनि विद्यालय के 180 छात्र-छात्राएं, शासकीय उमावि करारिया की 13 छात्राएं, शासकीय माशा. टीलाखेड़ी के 25 छात्र-छात्राएं तथा शासकीय कन्या उमावि शेरपुरा की 68 छात्राएं शामिल हुईं। द्वितीय सत्र में सुबह 11 बजे से सृजनात्मक लेखन एवं पुस्तक विमोचन जैसी विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। इस दौरान शिवनारायण गौर ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया एवं प्रमाणपत्र वितरित किए। सोमवार के सत्र में विशेष रूप से शशि मिश्रा संयुक्त कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी एसपी सिंह जाटव, सहायक संचालक प्रियांश शर्मा तथा विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रकांत त्यागी ने सहभागिता कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और प्रमाणपत्र प्रदान किए। पुस्तक मेले में नगर के सभी वर्गों द्वारा विशेष उत्साह दिखाया जा रहा है। सायंकालीन सत्र में साहित्यिक क्विज प्रतियोगिता आयोजित की की गई। जिसमें नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र-छात्राएं भाग लिया।



पुस्तक मेले में बच्चों के लिए कई प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध हैं।

### पुस्तक मेला में आज यह कार्यक्रम होंगे

ऑडिटोरियम में आयोजित पुस्तक मेला में आज मंगलवार को कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों के लिए सुबह 10 बजे से सुनो कहानी विधाओं पर ज्योति पांडे प्रकाश डालेगी। इसके बाद 11 बजे से कक्षा 6 से 8 तक के विद्यार्थियों हेतु रंगमंच की दुनिया मनोज नायर द्वारा प्रस्तुत की जाएगी। शाम 5 बजे से द आर्ट आफ रीडिंग एण्ड रिवायविंग बुक्स पर आशुतोष ठाकुर विचार विमर्श प्रस्तुत करेंगे। शाम 6.30 बजे से जिंदगी में कहानी और कविता विषय पर कार्यक्रम होगा। मुख्य वक्ता साहित्यकार फिल्मकार राजेश बादल तथा लेखक एवं साहित्यकार सुधीर सक्सेना और साहित्यकार फिल्मकार संपादक शशि केसवानी विचार प्रस्तुत करेंगे।

### बोस्टन अमेरिका में पदस्थ एसएटीआई के पूर्व छात्र ने दिया व्याख्यान

## सीखना और नेतृत्व करने के टिप्स छात्रों को दिए



हरिभूमि न्यूज ▶▶विदिशा

एसएटीआई इंजीनियरिंग कॉलेज के इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा सोमवार को एक विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। यह व्याख्यान विषय लर्निंग एंड लीडिंग (सीख और नेतृत्व) विषय पर केंद्रित रहा। जिसे संस्थान के 1989 बैच के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड इंस्ट्रूमेंटेशन इंजीनियरिंग के पूर्व छात्र डॉ. अभिजीत कुलकर्णी ने प्रस्तुत किया।


उन्होंने विद्यार्थियों से अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए कहा कि हर छात्र को अपनी खूबी को पहचानना चाहिए। ज्ञान के विभिन्न आयामों को जोड़कर स्वयं को बहु आयामी बनाना चाहिए। उन्होंने जोर देकर क्यों करो और कैसे करो के बारे में बताया। डॉ. कुलकर्णी ने एमआईटी और बोस्टन विश्वविद्यालय के हियरिंग रिसर्च सेंटर में शोध कार्य के दौरान कई महत्वपूर्ण योगदान दिए हैं। वह वर्तमान में सेल थेरेपी द्वारा लाइलाज बीमारियों, पुनर्योजी दवाओं तथा प्रथम श्रेणी के उत्पादों और चिकित्सा समाधानों के विकास में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान स्वागत भाषण देते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष दातार ने अपने बैचमेट डॉ. कुलकर्णी के साथ जुड़ी यादें साझा कीं और उनके सर्वांगीण व्यक्तित्व का भावपूर्ण वर्णन किया। कार्यक्रम का समन्वय एवं संचालन डॉ. अभिषेक जैन द्वारा किया गया। व्याख्यान के अंत में डॉ. कुलकर्णी ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।



विदिशा। एसएटीआई में कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

### ज्ञान के विभिन्न आयामों को जोड़कर मल्टी-डायमेंशनल बनाना चाहिए

## सीएम मोहन यादव के बेटे अभिमन्यु पहुंचे शमशाबाद



**शमशाबाद।** मुख्यमंत्री मोहन यादव के पुत्र डॉ अभिमन्यु सिंह यादव सोमवार को शमशाबाद पहुंचे। नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी के निवास पर उनका साफा बांधकर, स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। डॉ अभिमन्यु यादव ने बाबा रामदेव, द्वारकाधीश भगवान के दर्शन करने मंदिर पर झंडा लेकर मंदिर की परिक्रमा की और झंडा चढ़ाया। मंदिर पुजारी पंडित गौरी शंकर शर्मा से आशीर्वाद लिया। डॉ अभिमन्यु यादव शुभम सेन के घर भी पहुंचे जहां उनका स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद की राष्ट्रीय मंत्री और विदिशा विभाग संगठन मंत्री शालिनी वर्मा, रामा सेन, मनु माहेश्वरी, शुभम सेन, आयुष कटारे, मयंक गौतम , दीपक खेयिया, हर्षवर्धन सोनी, मनोज मेहर, गौरव कुशवाह सहित बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बासौदा मंडी भाव

शरबती
न्यूनतम भाव-2800
उच्चतम भाव-3800
सुजाता
न्यूनतम भाव-2560
उच्चतम भाव-2800
मालव शक्ति
न्यूनतम भाव-2540
उच्चतम भाव-2560
चना
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6001
मसूर
न्यूनतम भाव-3900
उच्चतम भाव-6470
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-3376
सोयाबीन
न्यूनतम भाव-2690
उच्चतम भाव-4745
सरसों
न्यूनतम भाव-3250
उच्चतम भाव-6897
मूंग
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7201
धान
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-2401
उड़द
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6295
धनिया
न्यूनतम भाव-6400
उच्चतम भाव-6400
अलसी
न्यूनतम भाव-6540
उच्चतम भाव-6540

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में सोमवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 6636 बोरे उपज की आवक हुई।

### कक्षा 6 से 11 तक की 52 छात्राओं को मिली साइकिलें

# विधायक ने किया साइकिलों का वितरण, सीसी सड़क का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मंडी एवं बहलोट एकीकृत शाला में छात्राओं को निशुल्क साइकिल वितरण विधायक हरिसिंह रघुवंशी की मौजूदगी में किया गया। पीएम श्री स्कूल में पुरस्कार वितरण समारोह एवं बेहलोट में सीसी रोड का भूमि पूजन भी विधायक हरि सिंह रघुवंशी द्वारा किया गया। सोमवार को कन्या मंडी शाला में विधायक हरिसिंह रघुवंशी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 6 एवं कक्षा 11 की छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस योजना के तहत 52 छात्राओं को साइकिल उपलब्ध हुई। साइकिल पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे।






विधायक ने छात्राओं को पुरस्कार वितरित भी किए। इस अवसर पर टूरिज्म क्विज के अंतर्गत जिले में उपविजेता रहीं महक राठौर, निशा राठोर, मुस्कान नरवरिया, शाला में में प्रथम आने वाली छात्राओं, यशोदा कुशवाह, रश्मि कुशवाह, निशा राठौर, महक राठौर को 15 अगस्त के सांस्कृतिक कार्यक्रम में उपविजेता रहीं नृत्य, रेडक्रास कमांडर, गाईड कमांडर आदि को भी पुरस्कार दिया गया। इसके अलावा ललिता अहिरवार, कामिनी कुशवाह को पुरुस्कृत किया गया। शाला से सेवानिवृत हो रहे दीपक निगम को भी विदाई दी गई। विधायक हरिसिंह रघुवंशी ने बहलोट एकीकृत शाला की छत निर्माण के लिए विधायक निधि से 3 लाख की राशि स्वीकृत की। इस अवसर पर विधायक हरिसिंह रघुवंशी एवं जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि देवेंद्र रघुवंशी ने दीपक निगम को शाल श्रीफल, भगवत गीता की प्रति देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पवन रिछारिया सहित अन्य भाजपा नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मेधा जैन एवं मनोज राठौर ने किया। वहीं आभार प्राचार्य प्रभात श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में



छात्राएं, विद्यालयीन स्टाफ, नागरिकगण मौजूद रहे।

## गायन में ओदिति ने जीता प्रथम पुरस्कार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अखिल भारतीय माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा हैदराबाद में अखिल भारतीय नेक्स्ट जनरेशन सुपर स्टार्स गायन, वादन, नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें नगर की ओदिति माहेश्वरी ने देश में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। तीन अलग-अलग राउंड में सम्पन्न इस प्रतियोगिता में ओदिति के गायन ने निर्णायकों को विशेष प्रभावित किया। व्यवसायी अंकुर नेहा माहेश्वरी की पुत्री ओदिति माहेश्वरी कक्षा आठ की छात्रा है। उल्लेखनीय है कि बचपन से ही गायन में विशेष रुचि रखने वाली ओदिति विगत तीन वर्षों से उभरती हुई शास्त्रीय गायिका भावना विश्वकर्मा से शास्त्रीय गायन का विशेष प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। ओदिति की इस उपलब्धि पर संगीत प्रशिक्षकों में पंडित लीलाधर शर्मा, राम किशन राठौर, मुकेश शर्मा, जयदत्त, दीपक शर्मा, एवन विश्वकर्मा साहित्य प्रेमियों ने ओदिति को शुभकामनाएं देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

## जन्मदिन पर कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सज्जन सिंह वर्मा के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा सोमवार को नगर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें गोशाला में गोमाता की आरती उतारी गई, गायों को चारा खिलाया गया। वृद्धाश्रम में पहुंचकर वृद्धजनों को साल भेंट किए गए। जय स्तंभ चौक पर जरुरतमंदो को भोजन प्रसादी वितरित की गई। नगर में पौधरोपण कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर कमलनाथ ब्रिगेड के कार्यकर्ताओं ने सज्जन सिंह वर्मा के स्वस्थ एवं दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### विहिप बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने की भारत माता की आरती



**गंजबासौदा।** गंज बासौदा प्रखंड के उधम सिंह खंड में विश्व हिंदू परिषद की स्थापना दिवस की बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें विस्तार से चर्चा की गई। तत्पश्चात रेल्वे स्टेशन पर भारत माता की आरती संपन्न हुई। उक्त कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विहिप बजरंग दल कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आज मेमो आएगी बासौदा तक, यहीं से भोपाल लौटेगी

गंजबासौदा। रेल प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को मंडीबामोरा और कुल्हार रेलवे स्टेशन पर सिग्नल अपडेशन कार्य के चलते सुबह 9 बजे से 11 बजे तक रेल यातायात प्रभावित रहेगा। इस दौरान भोपाल बीना मेमो भोपाल से चलकर बासौदा तक आएगी और फिर यहीं से वापस भोपाल के लिए रवाना होगी। इस कार्य के चलते मेमो बीना तक नहीं चलेगी। वहीं अंडमान एक्सप्रेस डेढ घंटे, झेलम एक्सप्रेस एक घंटे, पंजाब मेल और चंडीगढ एक्सप्रेस 20-20 मिनट देरी से चलेंगीं।

## बनवा में गोशाला का निर्माण कार्य अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका द्वारा बनवा में चल रहा गोशाला निर्माण अब अंतिम चरण में है। शीघ्र ही इसे चालू कर बेसहारा गोवंश को इसमें अस्थाई रूप से रखा जाएगा। यहां उल्लेखनीय है कि नगर में घूम रहे लावारिस गोवंश को अब शीघ्र ही सुरक्षित आश्रय मिलने जा रहा है। इसके लिए नपा द्वारा ग्राम बनवा में करीब छह बीघा भूमि पर अस्थाई गौशाला का निर्माण कराया जा रहा है। सोमवार को गौशाला निर्माण का सांसद प्रतिनिधि देवेन्द्र यादव, नीलेश अग्रवाल आदि ने मौके पर



पहुंचकर जायजा लिया और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नपा ने तार फेंसिंग की बाउंड्री कराकर उसमें 100 गुणा 40 फीट का विशाल टीनशेड तैयार करवा दिया है। मवेशियों के चारे के लिए खनौटे बनवाए गए हैं और वहां पानी की टंकी भी तैयार करवा दी गई है।

## एसजीएस में कार्यशाला संपन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सोमवार को शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार स्वयं पोर्टल पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के अधिकारियों, शैक्षणिक स्टॉफ व विद्यार्थियों को स्वयं पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करने का तरीका बताया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को विषय चयन के लिए किशोर स्वास्थ्य, अपना आहार, भारतीय ज्ञान परंपरा, श्रीमद्भागवद् गीता एवं योग टीचर आदि विषय चुनने संबंधी सुझाव दिए। डॉ. विजय कुमार शाक्य ने बताया कि स्वयं पोर्टल केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की पहल है जिसमें विद्यार्थी घर बैठे किसी विषय में पंजीयन करके डिप्लोमा, सर्टिफिकेट प्राप्त कर सकते हैं। अगर कोई छात्र पढ़ाई के दौरान यह कोर्स करता है तो उसकी मार्कशीट में यह जुड़कर मिलेगा साथ ही डॉ आर डी जाटव ने बताया कि विद्यार्थी स्नातक एवं स्नातकोत्तर डिग्री के साथ साथ डिप्लोमा कर यह सर्टिफिकेट भी प्राप्त कर सकते हैं शासन के निर्देशानुसार सभी अध्यनरत विद्यार्थियों के लिए यह कोर्स आवश्यक है एवं विद्यार्थियों के लिए उपयोगी भी हैं। कार्यशाला में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुमनलता गुप्ता, डॉ. बीके प्रजापति, डॉ. कंचन वैद्य, डॉ. रेखा जांसल, डॉ विकास, आयुष, भावना रघुवंशी सहित स्टॉफ, विद्यार्थी उपस्थित थे ।

## खबर संक्षेप

### मां त्रिशला के 14 सपनों पर लगीं बोलियां

**गंज बासौदा।** श्वेतांबर जैन समाज ने पर्यूषण पर्व के तहत अमावस्या पर मां का सपना दिवस मनाया। गांधी चौक स्थित मंदिर में समाजजन सामूहिक रूप से एकत्र हुए। समाज के प्रवक्ता अशोक शाह ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी के जन्म से पहले उनकी माता त्रिशला देवी को 14 सपने आए थे। इन सपनों की बोलियां लगाई गईं। श्रद्धालुओं ने उत्साह से भाग लिया। बोलियों के बाद मुंबई के आर्य रक्षित जैन तत्व ज्ञान विद्यापीठ से आए विधिकारक मूलचंद भाई और ललित भाई ने भगवान महावीर के जन्म का ब्यौरा पढ़ा। इसके बाद गाजे-बाजे के साथ गरबा नृत्य हुआ। नारियल तोड़े गए। एक छोटे बालक को भगवान के रूप में सजाया गया। महिलाओं में खासा उत्साह दिखा। वे देर तक भजनों के बीच नृत्य करती रहीं। पूरे समाज ने महावीर स्वामीका जन्मोत्सव उल्लास से मनाया। अंत में भगवान की आरती हुई। प्रसादी वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

### आज पंचतत्व करेगी इकोफ्रेंडली प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण

**गंजबासौदा।** पंचतत्व संरक्षण समिति द्वारा माटी से बनी इकोफ्रेंडली श्री गणेश प्रतिमाओं के निःशुल्क वितरण का कार्यक्रम मंगलवार को दोपहर 12 बजे श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर में रखा गया है। जिसमें धर्मप्रेमी बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की गई है। यहां उल्लेखनीय है



कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के क्षेत्र की अग्रणी संस्था पंचतत्व द्वारा पिछले अनेक वर्षों से मिट्टी की पर्यावरण अनुकूल श्री गणेश प्रतिमाएं बनाने और लोगों को घरों में स्थापित करने के लिए निःशुल्क वितरण करने का कार्य किया जा रहा है। संस्था का उद्देश्य है कि पीओपी की प्रतिमाओं का चलन कम हो और उसके कारण होने वाले जलप्रदूषण के प्रति जन जागरण किया जा सके। सर्वविदित है कि पीओपी की गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन नदियों तालाबों में किया जाता है, जिससे जल प्रदूषित होता है और असंख्य जलीयजीव असमय मर जाते हैं और यह प्रदूषित जल पीने से मनुष्यों में भी अनेकों बीमारियां फैल रही हैं। जिसको ध्यान में रखते हुए पंचतत्व संरक्षण समिति प्रतिवर्ष मिट्टी से निर्मित श्री गणेश प्रतिमाओं का निःशुल्क वितरण करती है।

### श्रीधाम दरबार में बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं को आयोजन के लिए जिम्मेदारी सौंपी

**गंजबासौदा।** श्रीधाम दरबार में दोपहर के समय बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान श्री रामदेव जन्मोत्सव को लेकर होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों के लिए श्रद्धालुओं सहित सेवा दल के कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई। मंदिर परिसर में पंडित हरि नारायण पाठक के सानिध्य में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें 25 अगस्त को होने वाले भगवान श्री रामदेव महोत्सव की तैयारी को लेकर समितियां का गठन किया गया। उनके लिए अलग-अलग कार्यों की जिम्मेदारी सौंपी गई। मंदिर परिसर में 2 दिन से शांति यज्ञ का आयोजन चल रहा है। इसका समापन पूर्णाहुति के साथ सोमवार को किया गया। इसके अतिरिक्त दोपहर 2 मंदिर पर महाआरती का आयोजन किया गया। तत्पश्चात दोपहर 3 बजे से शीतला शक्ति धाम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर संस्थापक पं. हरिनारायण पाठक ने बताया मंदिर परिसर में भगवान के जन्म उत्सव के लिए पालना दर्शन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। भगवान का जन्म उत्सव मंदिर पर होने वाले रात्रि आरती के बाद संपन्न होगा। इसके पश्चात प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। उत्सव के दौरान होने वाली व्यवस्था और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए विभिन्न दायित्व अलग-अलग कार्यकर्ताओं को सौंपे गए। इस दौरान महिलाओं की सुविधा के लिए महिला संगठन को भी दायित्व दिया गया।



### प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में हुआ रक्तदान कार्यक्रम आयोजित

# रक्तदान इंसान को बचाने के लिए किया जाता है: नंदनी दीदी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र पर रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। ब्रह्माकुमारीज नन्दनी दीदी ने विशाल रक्तदान अभियान 2025 के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह रक्तदान अभियान संस्थान क़ी पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकशमणि की 18 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर पूरे देश में एक साथ आयोजित किया गया है। रक्तदान सबसे बड़ा दान है इससे बड़ा कोई दान नहीं। आज हम देखते है कि कई जरुरत मंद लोगों को समय पर रक्त न मिलने से वह अपनी जान गवाँ देते है। रक्तदान एक बहुत बड़ी सेवा है ब्राह्मकुमारीज के समाज सेवा प्रभाग नें पूरे देश में एक लाख यूनिट ब्लड डोनेट करने का लक्ष्य रखा है। रक्तदान को हम महादान कहते हैं, क्योंकि यह दान किसी गरीब या अमीर को नहीं, बल्कि इंसान को बचाने के लिए किया जाता है। रक्त की कोई फैक्ट्री नहीं है, कोई दवा नहीं है और न ही कोई कृत्रिम विकल्प। रक्त केवल इंसान ही इंसान को दे सकता है। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी अनु दीदी ने कहा कि एक व्यक्ति जब रक्तदान करता है तो वह किसी ज़रूरतमंद को जीवनदान देता है। जब हमारे अंदर इंसानियत होती है तभी हम एक दूसरे की सेवा कर सकते हैं। आज दादी प्रकाशमणि की पुण्य स्मृति दिवस पर जो रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। यह एक यूनिट रक्त तीन से चार लोगों की जान बचा सकता है। दुर्घटनाओं, प्रसव जटिलताओं, कैंसर, थैलेसीमिया और बड़ी सर्जरी के दौरान रक्त की कमी जानलेवा साबित हो सकती है। ऐसे में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले लोग अनगिनत जीवन बचाने में अहम भूमिका निभाते हैं। डॉ. गोविंद साहू ने अपने विचार रखते हुए कहा कि यह मानवता की सेवा में बहुत बड़ा उदाहरण है। ब्रह्माकुमारीज़ संस्थान हर तरह की सामाजिक सेवा में आगे रहती है। हम लोग भी जब संस्था में आते हैं तो एक अलग ही सुकून और शांति की अनुभूति होती है। इस तरह के संस्थान समाज मे सकारात्मकता बढ़ाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। आज इस रक्त दान शिविर के अवसर पर मुझे यहाँ आने का मौका मिला मैं सभी को इस पुनीत आयोजन की सफलता हेतु बधाई और शुभकामनाएं देती हूँ। कार्यक्रम में डॉक्टर राजेंद्र कुशवाह ने अपनी शुभकामनायें देते हुए कहा कि रक्त दान सभी को करना चाहिए उन्होंने कहा रक्त की कीमत तब पता चलती जब हमारे अपने किसी को आवश्यकता पड़ती है। सभी को इस तरह के पुण्य कार्य में सहयोगी बनना चाहिए। रक्तदान करने से हमें कोई हानि नहीं होती। बल्कि वैज्ञानिक शोध बताते हैं कि नियमित रक्तदान करने से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज़ होती है, स्वास्थ्य अच्छा रहता है और हृदय रोग का खतरा भी कम होता है। कार्यक्रम में अधिक संख्या में भाई बहनों ने रक्तदान किया।

## नपा की दमकल ने समय रहते पाया आग पर काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ग्राम गंज में सोमवार को दोपहर के समय एक मकान की दूसरी मंजिल पर आग लग गई। यह तो गनीमत रही कि समय पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया गया, जिससे बड़ा हादसा नहीं हुआ। यह घटना दो मंजिला मकान में हुई। इसका उपयोग मूर्ति बनाने के लिए किया जाता था। मकान के मालिक गुलाब प्रजापति मूर्तिकार हैं और वह इस बिल्डिंग में भगवान गणेश और माता दुर्गा की मूर्तियां बनाते हैं। आग लगने का कारण अभी अज्ञात है, लेकिन यह आग मूर्तियों के लिए इस्तेमाल होने वाली घास में लगी। दूसरी मंजिल पर बड़ी मात्रा में सूखी घास रखी थी, जिसमें आग लगने से धुआं बाहर निकलने लगा। धुआं देखकर स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। सूचना मिलने पर नगर पालिका की फायर ब्रिगेड तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आग को पूरी तरह बुझा दिया। इस दौरान काफी लोग वहां जमा हो



गए थे। राहत की बात यह है कि मकान में कोई नहीं रहता था और यह सिर्फ मूर्ति बनाने के लिए इस्तेमाल होता था। समय पर आग बुझाए जाने से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।



**खबर संक्षेप**

### 15वें पैरा एथलेटिक्स खेलों में सिरोंज के राहुल ने जीते दो स्वर्ण पदक




**सिरोंज।** भोपाल में आयोजित 15 वीं राज्य स्तरीय पैरा ओलंपिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता में सिरोंज के राहुल नामदेव ने एफ 40 कैटेगरी में शॉटपुट तथा 100 मी दौड़ में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विदिशा जिले की टीम का प्रतिनिधित्व वरिष्ठ पैरा खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय कैनोइंग पदक विजेता निपेंद्र कुमार चौरे ने किया। इस अवसर पर राहुल नामदेव ने अपनी जीत का श्रेय नगर के उत्कृष्ट खिलाड़ी एवं पर्वतारोही भूपेंद्र शर्मा को दिया। तो वही संपूर्ण प्रतियोगिता के दौरान भूपेंद्र शर्मा निरंतर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते रहे।

### ‘अपने व्यवसाय को ऊंचाईयों पर पहुंचाने के लिए ईमानदारी से कार्य करें’

# केमिस्ट मिलन समारोह का आयोजन ड्रग इंस्पेक्टर का सम्मान कर दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

सिरोंज केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा केमिस्ट मिलन समारोह एंव ड्रग इंस्पेक्टर के स्थानातरण को लेकर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। तो वहीं एसोसिएशन के सरंक्षक मदन लाल नेमा व प्रकाश लोकवाणी का भी एसोसिएशन ने सम्मान किया गया।

इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर संजीव जादौन ने अपने उद्बबोधन में कहा कि मैं पिछले 8 वर्षो से विदिशा जिले में अपनी सेवाएं दे रहा था। मुझे खुशी इस बात की है कि केमिस्ट एसोसिएशन ने हमेशा ही मुझे पूरा सहयोग किया है। साथ ही समय-समय पर शासन की गाइडलाइन का पालन किया और केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो भी ड्रग से संबधित नियम व निर्देश आए उन नियमो का पालन समस्त मेडिकल संचालको ने वखूबी किया। उन्होने कहा कि यदि शासन के नियमो का पालन आप सभी करोगें तो आपके व्यवसाय में भी आपको काफी अच्छा लगेगा। इसलिए अपने व्यवसाय को



ओर ऊंचाईयो पर पहुचाने के लिए पूर्ण रूप से ईमानदारी के साथ कार्य करें। मेडिकल संचालक अपने व्यवसाय में ऐसा कोई कदम न उठाए जिससे आपकी ही छवि खराब हो। इस मौके पर ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष रासिद खान ने एसोसिएशन का पूरा परिचय देते हुए कहा कि ड्रग इंस्पेक्टर संजीव जादौन की कार्यशैली और व्यवहार के कारण मेडिकल संचालक शासन के प्रत्येक नियमो का पालन करते आए है। उन्होने एसोसिएशन के अध्यक्ष होने के नाते कहा कि हमारी एसोसिएशन का कोई भी सदस्य ऐसा कोई कार्य नही करेगा जिससे शासन,प्रशासन व एसोसिएशन की छवि खराब हों। तो वही ड्रग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजीव जैन सैनानी ने कहा कि ऐसे काफी कम अधिकारी आते है जो कि अपनी अच्छी कार्यशैली के कारण पहचाने जाते है। ड्रग इंस्पेक्टर संजीव जादौन ने जिले भर में जो अपनी पहचान बनाई है वह मेडिकल संचालक कभी भी नही भूलेगा। श्री जादौन ने अपने व्यवहार व अच्छे कार्यो से मेडिकल संचालको से प्यार की ताकत से शासन के नियमो का पालन कराने में अहम भूमिका निभाई है। एसोसिएशन के प्रचार सचिव जुनैद अहमद खान ने कहा कि डी.आई संजीव जादौन की अच्छी कार्यशैली को हम कभी भुला नही पाएगें। उन्होने कहा कि कोई भी मेडिकल संचालक ऐसा कोई कार्य न करे जिससे कि एसोसिएशन व अपकी स्वंय की छवि खराब हो। इस मौके पर ड्रग एसोसिएशन के सचिव सुनिल शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए एसोसिएशन की वार्षिक रिर्पोट प्रस्तृत की। साथ ही आगामी कार्यक्रमो की रूप रेखा से एसोसिएशन के सदस्यो का अवगत कराया। तो वही ड्रग इंस्पेक्टर व एसोसिएशन के संरक्षक मदन लाल नेमा,प्रकाश लोकवाणी का एसोसिएशन द्वारा अभिनंदन पत्र व शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान डॉ आर.एल यादव,रवि नेमा,अभिषेक अग्रवाल,ओम प्रकाश बलेजा, अनस खान,देवेन्द्र रघुवंशी, ऋषभ जैन, नरेन्द्र जैन, रूपेश जैन,सलमान खान,वसीम भाई,समर खान आदि मौजूद रहें।

### ज्यादा अंक देकर दी गईं नियुक्तियां

## आंगनबाड़ियों की नियुक्तियां संदेह के घेरे में आईं!



**सिरोंज।** विगत माह पूर्व आंगनबाडियो में हुई नियुक्तिया संदेह के घेरे में आ गई है। नियुक्तियो में अपात्र महिलाओं को ज्यादा अंक देकर नियुक्ति दी गई। जिसको लेकर ग्राम कुडका की महिलाओं ने किसान कांग्रेस नेता सुरेन्द्र रघुवंशी के साथ तहसील कार्यालय पहुचकर तहसीलदार संजय चौरसिया को एक आवेदन सौपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि विगत दिनों में आंगनवाड़ी में नियुक्ति के लिए ऑनलाइन फॉर्म भरा था और उस फॉर्म के साथ अपने बीपीएल के दस्तावेज,मूल निवासी,विकलांगता सर्टिफिकेट आदि सभी वैध दस्तावेज लगाए थे। परंतु परिणाम में यह सामने आया कि अपात्र लोगों को नियुक्ति दे दी गई है। तो वही कांग्रेस नेता सुरेंद्र रघुवंशी ने आरोप लगाया कि सिरोंज तहसील में आंगनबाड़ी की नियुक्तियां भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा है और सत्ता से जुड़े हुए लोगों ने अपने चहेतो को नियमों को ताक पर रख कर यह नियुक्तियां कार्रवाई हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि ग्राम कुड़का की रहने वाली महिला देवली बाई ने आवेदन किया था और अपना गरीबी रेखा का कार्ड भी लगाया था। परंतु उन्हें गरीबी रेखा के पांच अंक नहीं दिए गए और अपात्रों को नियुक्ति दे दी गई है। इस मौके पर उन्होंने तहसीलदार सिरोंज से मांग की है कि तत्काल उक्त मामले की उच्च स्तर की जांच कराई जाए और जिन लोगों को नियुक्ति में अधिकार है उन्हीं को नियुक्ति दी जाए अन्यथा कांग्रेस एक बड़ा आंदोलन इस भ्रष्टाचार भरे आंगनवाड़ी नियुक्ति कांड को लेकर करेगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी।

## संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर विरोध में क्षत्रिय नामदेव समाज ने सौंपा ज्ञापन

### विवादित पुस्तक की बिकी, वितरण व प्रचार-प्रसार पर तत्काल प्रतिबंध लगाने की मांग

**सिरोंज।** संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर विरोध में सोमवार को क्षत्रिय नामदेव समाज द्वारा तहसील कार्यालय पहुचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर समाजजनो ने संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज के प्रति की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर कार्यवाही मांग करते हुए कहा कि अखिल भारतीय दर्जी युवा महासभा की ओर से हम आपका ध्यान एक अत्यंत गंभीर एवं संवेदनशील विषय की ओर आकर्षित कराना चाहते है। हाल ही में यूनिवर्सल बुक पब्लिशर्स



द्वारा प्रकाशित पुस्तक में संत शिरोमणि नामदेव जी महाराज के संबंध में आपत्तिजनक, असत्य एवं भ्रामक टिप्पणी की गई है। संत नामदेव जी महाराज न केवल दर्जी समाज बल्कि समस्त मानव जाति के लिए आदर्श एवं पूज्यनीय संत रहे हैं। उनकी शिक्षाएँ समाज को सत्य, अहिंसा, समानता एवं भाईचारे का मार्ग दिखाती हैं, ऐसे संत के प्रति अनुचित एवं अपमानजनक टिप्पणी न केवल दर्जी समाज की भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा रही है बल्कि समाज की एकता और सद्भावना पर भी प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। उन्होने कहा कि यूनिवर्सल बुक पब्लिशर्स एवं संबंधित लेखक के विरूद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए। साथ ही उक्त विवादित पुस्तक की बिकी, वितरण एवं प्रचार-प्रसार पर तत्काल प्रतिबंध लगाया जाए। भविष्य में संत-महापुरूषों की गरिमा एवं समाज की आस्था को आहत करने वाले व्यक्तियों संस्थाओं पर कठोर दण्डात्मक प्रावधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होने कहा कि श्री. संत-महापुरूषों की मर्यादा एवं सामाजिक सौहार्द की रक्षा हम सभी का दायित्व है, यदि इस आपत्तिजनक प्रकरण पर शीघ्र और कठोर कार्यवाही की जाती है तो समाज में न्याय, शांति एवं विश्वास कायम रहेगा।

### आईजा महिला विंग का हुआ गठन

## प्रदेश अध्यक्ष बनी रूचि चोविश्या जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज



ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया की अनुशंसा पर मध्यप्रदेश आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी द्वारा मध्य प्रदेश आईजा महिला विंग का गठन किया। इस अवसर पर रूचि चोविश्या जैन इंदौर को महिला विंग का प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इसी के साथ डॉक्टर किरण जैन को आईजा महिला विंग का प्रदेश महासचिव एंव किरण रांका आष्टा को प्रदेश उपाध्यक्ष के साथ श्रीमति नम्रता जैन सैनानी को आईजा महिला विंग का प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि पहली बार आईजा द्वारा पत्रकारो की महिला विंग का गठन किया गया है। इस मौके पर महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष रूचि चोविश्या जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश में आईजा महिला विंग का संभाग,जिला स्तर पर शीघ्र गठन किया जाएगा। उन्होने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को गुरूवर जगत पूज्य गुरुवर निर्यापक श्रवण मुनि पुंगव 108 श्री सुधा सागर महाराज के सान्निध्य में म.प्र के अशोकनगर जिले में राष्ट्रीय स्तर का पत्रकारो का महासम्मेलन एंव जैन महिला पत्रकारो का सम्मेलन आयोजित होने जा रहा है। उक्त सम्मेलन में देशभर से वरिष्ठ पत्रकारो के साथ राजनेता व आईजा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हार्दिक हुंडिया कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित होगें।


## ‘रामायण काल’ में विंध्य पर्वत पर जामवंत ने की थी स्थापना, प्रतिवर्ष तिल बराबर बढ़ते हैं श्री गणेश

**छोटे बाजार में बंबई के लाल बाग की तर्ज पर हो रहा झांकी का निर्माण, नगर में 50 स्थानों पर होगी श्रीगणेश की स्थापना**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

कल से प्रारंभ हो रहे 10 दिवसीय श्री गणेशोत्सव में नगर में 50 से अधिक स्थानों पर विघ्नहर्ता मंगलमूर्ति श्री गणेश की प्रतिमाओं की स्थापना करने झांकी पंडाल बनाने की तैयारियां चल रही है। छोटे बाजार भवानी चौक में मुंबई के लाल बाग के राजा की तर्ज पर विशाल पंडाल का निर्माण और 16 फिट उंची प्रतिमा की स्थापना की जोरशोर से तैयारियां चल रही है।

बडा बाजार, नाहर कालौनी, दालमिल, किनगी रोड, हौली चौक, पशु चिकित्सालय के आसपास, उदयपुरा नाका, बारना कालौनी, प्रेमनगर कालौनी चैनपुर नाका, बारना कालौनी, प्रेम नगर कालौनी चैनपुर रोड, नाहर नगर सहित अन्य स्थानों पर सार्वजनिक श्री गणेश प्रतिमाए स्थापना के लिए समितियां और युवा सक्रिय बने हुए है।



चौधरी चौक में विराजे दक्षिणमुखी तांत्रिक श्रीगणेश — उंची पहाडी पर विराजे श्री तिल गणेश

### विन्ध्य की उंची पहाड़ी पर विराजे तिल गणेश

लगभग 15 कि.मी. दूर ग्रापं. उदयगिरी के अन्तर्गत विन्ध्यांचल पर्वत की उंची चोटी पर सदियों पुराना श्रीगणेश का मंदिर है। जमीन से उंचाई लगभग हजार बारह सौ फिट है। जमीन से उंचाई लगभग हजार बारह सौ फिट है। ऐसी मान्यता है कि प्रतिमा प्रतिवर्ष तिल बराबर बढने के कारण तिल गणेश कहा जाता है। उंची चोटी पर गुफा, विशाल चट्टानें और दीवारों के भग्नावशेष आज भी मौजूद है। तिल गणेश प्रतिमा की विशेषता यह है कि यह छह भुजा वाली श्री गणेश की प्रतिमा है, और इसे द्वापर काल की प्रतिमा स्थापना माना जाता है। प्रत्येक बुधवार एवं गणेशोत्सव के अलावा विशेष पर्व प्रत्येक चतुर्थी पर भारी संख्या में श्री गणेश के भक्त तिल गणेश मंदिर पहुंच कर श्री गणेश की विशेष पूजन, दर्शन के साथ कृपा प्राप्त करने का प्रयास करते है।

### चौधरी चौक में दक्षिण मुखी तांत्रिक श्रीगणेश

दशकों तक हनुमान जी की प्रतिमा मान कर लोग पूजा करते रहे। जब प्रतिमा ने चोला छोडा तो प्रतिमा हनुमान जी के स्थान पर मंगलमूर्ति श्री गणेश की निकली। स्फटिक की शिक्षा पर दक्षिण मुखी तांत्रिक श्री गणेश का मंदिर चौधरी चौक की एक गली में है, जो नगर का सबसे उंचा स्थान है। दसवी शताब्दी की गणेश प्रतिमा के साथ हनुमान जी की भी भक्तों द्वारा पूजन, अभिषेक किया जाता है। कुछ दूरी पर घोघरा नदी के किनारे प्राचीन बाराही माता, नरसिंह टेकरी और हनुमान गढ़ी के साथ भीलट देव और श्री राम जानकी का प्राचीन मंदिर, चौधरी चौक में ही प्राचीन श्रीजी का मंदिर नगर की प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरे है। जहॉ प्रतिदिन सुबह से शाम भक्तों की पूजन, आरती के लिए उपस्थिति बनी रहती है।

### श्रीजी मंदिर में होगी भजन संध्या

## श्री राधारानी कीर्तन मंडल बैठक का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

श्री राधारानी कीर्तन मंडल की बैठक हनुमान गढ़ी मंदिर में हुई। जिसमें 31 अगस्त को श्री राधारानी के जन्मोत्सव पर बाहर के कलाकारों की भजन संध्या आयोजित करने का निर्णय लिया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल के साथ अन्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

नगर के प्राचीन श्रीजी मंदिर में भजन संध्या के गायन संगीतमयी कार्यक्रम में बालाघाट की प्रसिद्ध भजन गायिका श्रीमती नेहा विश्वकर्मा, श्री प्रार्थना मानस मंडल भोपाल के गायक सचिन मिश्रा एवं अन्य कलाकारों द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी। कार्यक्रम में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल मुख्य अतिथि के साथ गिरीश पालीवाल, अरविंद नाथ बिदुआ, नपं. अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी, उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत की विशेष अतिथि के रूप में उपस्थिति रहेगी।

## हिउस की बैठक, आगामी धार्मिक त्योहार धूमधाम से मनाने का लिया निर्णय

### नगर के श्री रामलीला मैदान में लगेंगे सीसीटीवी कैमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

हिउस प्रबंधकारणी की बैठक अध्यक्ष दिनेश नारायण बवेले की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में सभी धार्मिक त्योहार पर्व श्री गणेशोत्सव, डोल ग्यारस और अनंत चौदस धूमधाम उत्साह के साथ मनाने का निर्णय लिया। अन्नत चौदस पर भव्य चल समारोह रात्रि में जागरण कार्यक्रम भोपाल, जबलपुर के साथ स्थानीय कलाकारों द्वारा धार्मिक गीतों का भजन कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा।

बैठक में रामलीला मैदान परिसर में सीसीटीवी केमरे लगाने, दुकानदारों द्वारा दिए आवेदन पर दूसरी मंजिल पर रैलिंग लगाने, धारा 27,28 की जानकारी फर्म और सोसायटी भोपाल को भेजने का निर्णय लिया। पिछले 2 कार्यकाल से धारा 27, 28



की जानकारी न भेजने पर भी चर्चा हुई। इसी के साथ रामलीला मैदान परिसर में जरूरी कार्य शीघ्र कराये जाने का निर्णय लिया गया।

## शिक्षक सक्सेना के सेवानिवृत्ति पर दी विदाई, हुआ स्नेह भोज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

शा. पीएमश्री कन्या हासे के पीटीआई अपनी 39 वर्ष की सेवा पूर्ण कर 31 अगस्त को सेवानिवृत हो रहे है। पीटीआई शिवनारायण सक्सेना ने अपनी सेवानिवृति से पूर्व स्नेह भोज दिया।

जिसमें नगर बाड़ी विकासखंड शिक्षकों के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों, व्यापारियों एवं विभिन्न संगठनों, संस्थाओं के लोगो की उपस्थिति रही। भारी संख्या में लोगो की स्नेह भोज कार्यक्रम में उपस्थिति और पुष्पहार, उपहार देकर शिवनारायण सक्सेनना का स्वागत सम्मान किया जाता रहा।

शिवनारायण सक्सेना हॉकी के अच्छे खिलाडी रहे। 1986 में सहायक शिक्षक के रूप में अपनी सेवा प्रारंभ की 1994 में कन्या शाला में पीटीआई के रूप में पदस्थ होकर छात्राओं को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर खेलो में चयनित कराया।

नगर की खेल, सामाजिक, धार्मिक गतिविधियों में भी शिव नारायण सक्सेना सक्रिय रहकर योगदान देने में सक्रिय बने रहते है।

### मंगलवार-शनिवार को छींद धाम में लगता है, हनुमान भक्तों का मेला

## छींदधाम सड़क गड्ढों में हुई तब्दील, श्रद्धालु परेशान

◆ मंदिर पहुंच मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण की भरमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ▶▶ बरेली

नगर से 6 किलोमीटर दूर संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र में ख्याति प्राप्त सिद्ध, प्रसिद्ध श्री हनुमान मंदिर छींदधाम है। जहां प्रत्येक मंगलवार, शनिवार को हनुमान भक्तों का प्रातःकालीन आरती से दर्शन, प्रसाद चढ़ाने परिक्रमा करने के लिए मेला लगा रहता है। सिद्ध क्षेत्र छींदधाम पहुंचने वाले दो प्रमुख मार्ग क्षतिग्रस्त और गड्ढो से छलनी हो गए है। ऐसे मार्ग पर श्रद्धालुओं का पैदल चलना वाहनों का आवागमन अत्याधिक जोखिम भरा बना हुआ है।

पुराने थाने, बस स्टेण्ड के बगल से किनगी रोड है। नगर सीमा में तो नपं. ने मार्ग बना दिया परंतु फोरलेन-45 जोड के बाद किनगी और छींदधाम तक सडक़ की हालत अत्याधिक जर्जर, क्षतिग्रस्त और गड्ढो भरी बनी हुई है। छींदधाम जाने वाले श्रद्धालु महिला, पुरूषों, बच्चों द्वारा इसी मार्ग का सबसे अधिक उपयोग किया जाता है। मार्ग पर चलना जोखिम भरा बना हुआ है।



### फोरलेन से छींद मार्ग

फोरलेन-45 सलैया पिपरिया ग्राम के पास छींद जोड से छींदधाम की दूरी लगभग 3 कि.मी है। संपूर्ण मार्ग क्षतिग्रस्त और गहरे बडे गड्ढो में तब्दील हो जाने से बाहर से आने वाले वाहन और श्रद्धालु मार्ग की खराब स्थिति के कारण परेशान बने रहते है। 3 कि.मी. के सफर में आधे घंटे से अधिक का समय लगता है। इसके अलावा एक मार्ग केरोसिन टेंक के बगल से भी छींदधाम जाता है। उसकी हालत भी अत्याधिक खराब बनी हुई है।

### मंदिर के बाहर अतिक्रमण

छींदधाम हनुमान मंदिर के भीतर समिति छींदधाम मंदिर समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी के प्रयासों से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए विभिन्न कार्य हुए। धर्मशाला का निर्माण, कथा मंडप, भंडारे के स्थान और दर्शन करने वालों की सुविधाए बढ़ी और मंदिर प्रांगण का सौंदर्यकरण हुआ। परंतु मंदिर के बाहर तालाब और ग्राम से पहुंचना मंगलवार शनिवार को अत्याधिक कठिन और जोखिम भरा बना रहता है। सरकारी गोहा पर अतिक्रमण कर दुकानें लगाने से वाहनों को खडा करने स्थान ही नहीं मिलता। तालाब दुर्दशा का शिकार बना हुआ है। पर्यटन विकास निगम द्वारा बनाया गया विश्राम ग्रह गंदगी पानी भरा रहने से अनुउपयोगी बना हुआ है। गांव से लगी सडक पर हमेशा गड्ढो गंदगी, पानी कीचड की समस्या बनी रहती है। मुख्य मार्ग से अतिक्रमण हटाने के आदेश निर्देश होने के बाद भी कोई कार्यवाही न होने से कभी भी घटना दुर्घटना की संभावना बनी रहती है।

**In The Court Of Civil Judge Junior Division, Sironj, District, Court , Vidisha**

Presiding Officer: सुश्री अंकिता जैन
( आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु )
(RCS A/0000070/2024)

हलीम खां.......................... वादी
vs
सलमा बी..................प्रतिवादी

Process Id-672/2025
प्रेषिती- पेशी दिनांक: 24/09/2025

(1) अल्फिया बी पिता रियासत खां उर्फ राशिद अवयस्क द्वारा संरक्षक माता असरा बी
(2) आलिया बी पिता रियासत खां उर्फ राशिद अवयस्क द्वारा संरक्षक माता असरा बी
(3) जिया बी पिता रियासत खां उर्फ राशिद अवयस्क द्वारा संरक्षक माता असरा बी
(4) असरा बी पति रियासत खां उर्फ राशिद
सर्वनिवासीगण - ग्राम कस्बाताल तहसील सिरोंज जिला विदिशा म.प्र.

यह कि प्रार्थी हलीम खां पिता सलीम खान निवासी ग्राम कस्बाताल तहसील सिरोंज जिला विदिशा ने आपके विरूद्ध स्वत्व घोषणा एवं स्थाई निषेधाज्ञा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 20 August 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायाधीश (अंकिता जैन)**
**व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड**
**सिरोंज जिला विदिशा म.प्र**

### बारिश में तेजी से फैल रहा लार्वा, प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे नए मरीज

# सरकारी अस्पतालों में मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों से भरी ओपीडी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

शहर के जिला अस्पताल समेत सरकारी अस्पतालों में डेंगू एवं मलेरिया के बाद अब चिकनगुनिया जैसे लक्षणों के मरीजों का भी अस्पताल आना जारी हो गया है। मलेरिया विभाग में मलेरिया स्लाइड बनाने का कार्य जोरों से चल रहा है। मलेरिया विभाग से मिले आंकड़ों के मुताबिक जांच के बाद जिले में मलेरिया के 12, डेंगू के 17 और चिकनगुनिया के 4 मरीज मिले हैं, जिनका इलाज जारी है। मलेरिया विभाग में स्लाइड की जांच लगातार जारी है।

इस समय मौसमी बीमारियों के चलते मलेरिया एवं डेंगू के मच्छरों ने स्वास्थ्य विभाग के आला अफसरों के साथ-साथ आम लोगों की नींद भी उड़ा रखी है। इधर, चिकित्सा स्वास्थ्य और मलेरिया विभाग अलर्ट हो गया। वहीं डेंगू एवं मलेरिया के बाद अब चिकनगुनिया ,मलेरिया जैसे लक्षणों के मरीजों का भी अस्पताल आना शुरू हो गया है। इससे स्वास्थ्य विभाग भी खासा हैरान और परेशान है।

हालांकि, चिकित्सकों ने लक्षणों के आधार पर ही इलाज भी शुरू कर दिया है, ताकि जब तक रिपोर्ट आए, तब तक मरीज को कुछ राहत मिल सके। चिकित्सकों का मानना है कि सितंबर तक चिकनगुनिया अपना पैर पसार सकता है।इसलिए इन बीच के महीनों में खुद का खास ख्याल रखने की जरूरत है। हालांकि अभी तक इस प्रकार के मरीजों को भर्ती करने की नौबत नहीं आ रही है, फिर भी चिकनगुनिया जैसे लक्षणों को देखते हुए दवाइयां दी जा रही हैं और रक्त के सैंपल भी लिए जा रहे हैं।





**प्रतिदिन अस्पताल पहुंच रहे करीब सौ मरीजों में दिख रहे लक्षण**

इस समय जिला अस्पताल के अलावा चिकित्सकों के घरों पर भी मौसमी बीमारियों से पीड़ितों का आना जारी है। इन सभी मरीजों को दवाइयां देने के अलावा चिकित्सक मलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी संक्रामक बीमारियों से पीड़ित मरीज इलाज कराने पहुंच रहे हैं।

#### घर से निकलते ही होता सामना

कॉलोनियों में क्या हाल है, उसका अंदाजा इससे ही लगाया जा सकता है कि लोगों का घर से बाहर निकलते ही इन खाली प्लॉट में भरे गंदे पानी से सामना हो रहा है। कई लोगों के घरों के दरवाजे के सामने पानी भर हुआ है, जिससे उनको छोटे बच्चों की निगरानी करना पड़ती है। यदि ऐसा नहीं करें तो बच्चों के डूबने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है।

#### नोटिस तक कार्रवाई

नगर पालिका रायसेन की सीमा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्र में 100 से ज्यादा खाली प्लॉट हैं, जिनमें यही हाल है। नपा ने बारिश पूर्व इनके मालिकों को नोटिस जारी किया था, लेकिन यह कार्रवाई महज रस्मअदायगी और दिखावा बनकर रह गई है। प्लॉट मालिकों पर कार्रवाई नहीं होने का ही नतीजा है कि उन्होंने प्लॉट खरीदने के बाद दूसरे लोगों को बेच दिया। दूसरे ने किसी तीसरे को बेच दिया। ऐसे लापरवाह प्लॉट धारकों को नपा परिषद ने नोटिस जारी किया है।

#### इनका कहना है

जिले में गठित 16 लार्वा सर्वे टीम घर-घर सर्वे करने में जुटी हुई हैं। मलेरिया विभाग नगरीय निकायों की मदद से धुंआ फॉगिंग कर रही हैं। मलेरिया विभाग और अस्पतालों में मलेरिया स्लाइड कार्य भी चल रहा है।

- **डॉ प्रियंवदा गुप्ता,** जिला मलेरिया अधिकारी रायसेन।

#### प्लॉटों में भरा पानी, डेंगू मलेरिया बढ़ा प्रकोप

नगर के कई वार्डों में खाली पड़े प्लॉट इस समय बारिश के मौसम में पानी भराने के बाद मिनी ताल तलैया का रूप धारण कर चुके हैं। प्लॉट में जमा पानी सड़कर बदबू मार रहा है तो वही मच्छरों का प्रकोप दिन दोगुना रात चौगुना बढ़ने सेसंक्रामक बीमारी फैलने का अलग खतरा मंडरा रहा है। इतना ही नहीं इनमें छोटे बच्चों के भी अब डूबने की सबसे ज्यादा आशंका बन गई है। स्थानीय रहवासियों का कहना है कि जल्द ध्यान नहीं दिया तो दिक्कत काफी बढ़ेगी। यह हाल तब है जब इस समय डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया का प्रकोप चल रहा है।

#### शहर के अधिकांश वार्डो में पल रहा डेंगू लार्वा

शहर के अशोक नगर, अवंतिका कालोनी रोड़, मुखर्जी नगर और राहुल नगर, हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी के अलावा अनेकों जगह पर पानी निकासी के अभाव में खाली प्लॉट में एक जगह ही पानी भरा हुआ है। यह सड़ने से इस समय बदबू मार रहा है और मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ गया है। लोगों का कहना है कि इन खाली पड़े प्लॉटों में पानी भरने से बीमारी तेजी से फैलने लगी है।

## बिजली कंपनी ने 70 पर बनाया केस, काटे 150 घरेलू कनेक्शन

### बिजली बिल जमा न करने पर की कार्रवाई



◆ बिजली कर्मचारियों से अभद्रता करने पर थाने में की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

बिजली कंपनी के अधिकारियों द्वारा अवैध कनेक्शन और बकाया बिल के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। कंपनी की तीन टीमें शहर में कार्रवाई कर रही हैं। सोमवार को राहुल नगर में कार्रवाई के दौरान कुछ उपभोक्ताओं ने बिजली कंपनी की टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस पर कर्मचारियों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है।

मप्र मध्यक्षेत्र बिजली कंपनी के शहर सहायक प्रबंधक प्रांजल शर्मा ने बताया कि शहर में 30 हजार रुपए तक बकाया वाले 300 उपभोक्ता हैं। बिजली कंपनी ने बकाया न चुकाने वाले और अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले 150 कनेक्शन काटे हैं। साथ ही गड़बड़ रीडिंग वाले 50 बिजली मीटरों को हटाया गया।

#### बिजली चोरी के 70 प्रकरण

70 बिजली चोरी के मामलों में धारा 135 और 138 के तहत कार्रवाई की गई है। बिजली कंपनी ने राहत देते हुए जो उपभोक्ता बकाया राशि का 20 प्रतिशत जमा कर रहे हैं, उनके कनेक्शन नहीं काटे जा रहे हैं। यह बिजली कनेक्शन काटने का अभियान लगातार जारी है।

## बस चालक ने बाइक में मारी टक्कर, चालक हुआ घायल



**सलामतपुर।** भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर बेरखेड़ी चौराहे के पास एक तेज़ रफ्तार बस ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी, जिसकी वजह से चालक का हाथ फैक्चर हो गया। घटना 21 जुलाई की बताई जा रही है। इस मामले में फरियादी सुनील अहिरवार ने अब रिपोर्ट की है।

सुनील ने बताया कि वह अस्पताल में भर्ती थे इसलियें घटना के दिन रिपोर्ट नही कर पाए थे। सलामतपुर थाने के प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा ने बताया कि 21 जुलाई को सुनील अहिरवार पिता प्रेमचंद अहिरवार उम्र 32 वर्ष निवासी बेरखेड़ी टुंडा बाइक एमपी 38 एमएम 3321 से भोपाल जा रहे थे। वह इक्विटास स्मॉल फाइनेंस बैंक भोपाल में रिलेशनशिप मैनेजर के पद पर पदस्थ हैं। रास्ते में बेरखेड़ी चौराहे के आगे गुरुनानक ढाबे के पास उनकी मोटरसाइकिल में शक्ति बस ट्रेवल्स की आरजे 09 पीए 2190 बस ने पीछे से टक्कर मार दी। फरियादी सुनील के हाथ में चोटें आ गईं। पुलिस ने बस ज़ब्त कर चालक पर मामला दर्ज कर जांच में लिया है।

## खबर संक्षेप

### जिला रेडक्रास सोसायटी की बैठक हुई आयोजित

**रायसेन।** भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला रायसेन की वार्षिक साधारण सभा की बैठक कलेक्टर अरूण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। जिसमें जिले की प्रबंधन समिति का गठन और राज्य शाखा हेतु प्रतिनिधि के निर्वाचन की कार्यवाही की गई। साथ ही सोसायटी के माध्यम से जिले में रक्तदान शिविर, योगा शिविर, अंधत्व निवारण सहित अन्य गतिविधियां आयोजित किए जाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अपर कलेक्टर मनोज कुमार उपाध्याय सहित संबंधित अधिकारी और सोसायटी के सदस्य उपस्थित रहे।

### केंद्रीय कृषि मंत्री से मिला पेंशनर्स प्रतिनिधि मंडल

**रायसेन।** प्रोग्रेसिव पेंशनर्स एसोसिएशन जिला इकाई रायसेन का प्रतिनिधि मंडल भोपाल पहुंचकर केंद्रीय कृषि एवं कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहानऔर सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी से की मुलाकात। सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी से पेंशनरों ने अपनी विभिन्न मांगो से अवगत कराया। संगठन के प्रांतीय अध्यक्ष ओमप्रकाश बुधोलिया के दिए गए निर्देशानुसार पेंशनर्स के ज्ञापन पर हस्ताक्षर करवाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को प्रेषित किया। प्रतिनिधि मंडल में हनुमान प्रसाद शर्मा अध्यक्ष, गिरधारी लाल शाक्य सचिव, बीपी शर्मा कोषाध्यक्ष व्ही डी कुलश्रेष्ठ संगठन मंत्री शामिल थे।

### 29 को निकालेगी वोटर अधिकार सत्याग्रह रैली प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी करेंगे सभा को संबोधित

**रायसेन।** जिला कांगेस कमेटी रायसेन द्वारा वोट चोरों गद्दी छोड़ो अभियान के तहत 29 अगस्त को पाटनदेव स्थित सिद्ध हनुमान मंदिर से वोटर अधिकार सत्याग्रह रैली का आयोजन होगा। यह जानकारी जिला कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र पटेल, जिला मीडिया प्रभारी जावेद अहमद खान ने बताया यह वाहन रैली ब्लाक कांग्रेस कार्यालय कामधेनु शॉपिंग कॉम्प्लेक्स परिसर सागर भोपाल तिराहे पर पहुंचकर जनसभा मे परिवर्तित होगी। जहां आमसभा में मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जीतू पटवारी संबोधित करेंगें।



उन्होंने बताया कि विधायक एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष देवेन्द्र पटेल, जिला संगठन प्रभारी एवं पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल, पूर्व विधायक देवेन्द्र पटेल गडरवास, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व सांसद प्रतापभानु शर्मा,पूर्व उपाध्यक्ष मुमताज खान, डॉ. जीसी गौतम, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल उपस्थित रहेंगे।

## जिले में प्राप्त उर्वरकों का केंद्रों पर व्यवस्थित वितरण नहीं कराने पर कलेक्टर ने डीएमओ मार्कफेड को दिया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा सीएम हेल्पलाईन, विभागीय योजनाओं तथा कार्यो की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक के प्रारंभ में कलेक्टर ने जिले में खाद वितरण केन्द्रों पर खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए जिले में खाद की रैक प्राप्त होने के उपरांत भी व्यवस्थित वितरण नहीं कराए जाने से उत्पन्न हो रहीं अव्यवस्था पर नाराजगी जाहिर की तथा मूंग उपार्जन के उपरांत किसानों को राशि भुगतान की कार्यवाही धीमी होने पर डीएमओ मार्कफेड कल्याण सिंह ठाकुर को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।




उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में सभी खाद वितरण केन्द्रों पर पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता बनी रहे तथा किसानों को समय पर खाद उपलब्ध हो।

### इको-फ्रेंडली गणेशजी की मूर्तियों की बढ़ी मांग

## श्रीगणेश चतुर्थी को लेकर बाजार सजे पंडाल को सजाने जुटी समितियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

श्रीगणेश उत्सव की तैयारियां पूरे दीवानगंज सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में जोर-शोर से शुरू हो चुकी हैं। इस बार 27 अगस्त से शुरू होने वाले इस पर्व के लिए बाजार गणपति बप्पा की रंग-बिरंगी और इको-फ्रेंडली मूर्तियों से सज गए हैं। मूर्तिकारों ने मिट्टी और गोबर जैसी प्राकृतिक सामग्रियों से बनी मूर्तियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है, वहीं भक्तों में सजावट और पूजा सामग्री की खरीदारी को लेकर उत्साह चरम पर है।

#### मूर्तियों की बिक्री में बढोत्तरी

दीवानगंज भर के बाजारों में गणेश चतुर्थी की तैयारियां अपने चरम पर हैं। दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा, बालमपुर सहित कई गांवों में मूर्तियों की बिक्री शुरू हो चुकी है। मिट्टी की मूर्तियों की मांग इस बार प्लास्टर ऑफ पेरिस



(पीओपी) की मूर्तियों से ज्यादा देखी जा रही है, क्योंकि ये पर्यावरण के लिए अनुकूल हैं और पानी में आसानी से घुल जाती हैं।

दीवानगंज, अंबाडी, सेमरा जैसे गांव में इको-फ्रेंडली गणपति की मूर्तियां खास आकर्षण का केंद्र हैं। मिट्टी और गोबर से बनी ये मूर्तियां न केवल पर्यावरण के लिए सुरक्षित हैं, बल्कि इनकी कीमत भी बाजार में बिकने वाली पीओपी मूर्तियों से कम है। मिट्टी से बनी मूर्तियां अंबाडी में तैयार की जा रही हैं, जो जल स्त्रोतों को प्रदूषित होने से बचाती हैं।

# नगर परिषद गैरतगंज में भगवान श्रीराम के कटआउट का अपमान, जिम्मेदार बने खामोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन/गैरतगंज

नगर परिषद गैरतगंज इन दिनों सनातन हिन्दू धर्मावलंबियों की धार्मिक आस्था से खिलवाड़ कर रही है। वहीं एक तरफ एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ पर्यावरण के दुश्मनों द्वारा हराभरा पीपल पेड़ काटा जा रहा है। जिम्मेदार इस मामले में पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए हैं।

बताया जा रहा है कि चौक बाजार ग़ैरतगंज में स्थित 200 वर्ष पुराने पीपल के पेड़ को बिना अनुमति और आदेश के सिर्फ इसलिए कटवाया की कुछ लोगों के मकान की शोभा बिगड़ रही थी।


जैसे ही मामला लोगों के संज्ञान में आया। श्री हिन्दू उत्सव समिति ने ज्ञापन के माध्यम से एसडीएम पल्लवी वैध गैरतगंज को शिकायत कर बताया कि श्रीराम भगवान का कटआउट को जिम्मेदारों द्वारा मैला ढुलाई करने वाले टैंकर के समीप बेगोरी में पटक वा दिया गया है। जो कि सरासर गलत और अनुचित है। उन्होंने दोषियों पर सख्त कार्यवाही की मांग की।

उधर अभी पीपलपेड़ कटे कुछ दिन ही हुए थे कि एक तस्वीर वायरल हो गई जो कि भगवान श्री राम की है।, भगवान श्रीराम की नगर परिषद प्रांगण में रखी गई है। विहिप के जिला रायसेन संयोजक बद्री पाराशर ने भी विरोध दर्ज कराया है। लेटरिंग उठाने वाले मड टैंकर के पास रखी थी, जो वायरल होने के बाद हिंदुओं की भावनाओं को भारी आघात पहुंचा।

नगर के लोगों का कहना है कि अगर जिम्मेदार लोगों पर कार्यवाही नहीं हुई इसका परिणाम पार्टी को अगले चुनाव में भोगना पड़ेगा, हम राम का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

**खास बातें**

- धार्मिक भावना से हो रहा खिलवाड़
- हिन्दू संगठनों ने दर्ज कराया अपना विरोध



#### इनका कहना है

भगवान श्रीराम के कटआउट को गलत जगह रखने का अपमान बिल्कुल नहीं सहेंगे। मामले की जांच के बाद दोषियों पर हो कार्रवाई।

- **अशोक ठाकुर,** नप उपाध्यक्ष गैरतगंज

#### इनका कहना है

श्रीराम के कटआउट का मामला मेरे संज्ञान में लाया हू, मैं मामले की जांच करवाता हूं। यह मामला एक साल पुराना बताया जा रहा है। पीपल पेड़ की वजह से कई दिक्कतें आ रही थीं। पीपल वृक्ष की टहनियों की छंटनी कराई गई है, लकड़ियां भी जब्त की गई है। श्री हिउस की मांग चबूतरा निर्माण की है। इस मांग को परिषद बैठक में प्रस्ताव को रखा जाएगा। वहीं दस पौधे पीपल के रोपे जाएंगे।

- **सुधीर उपाध्याय,** सीएमओ नप गैरतगंज

### श्री गणेश उत्सव, डोल ग्यारस आदि त्यौहार को लेकर हुआ विचार विमर्श

# आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सोमवार को शहर के पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक का आयोजित की गई। जिसमें मुख्य रूप से एसडीएम मनीष शर्मा, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा, तहसीलदार भरत मांडवे, सीएमएचओ एचएन मांडरे, टीआई नरेंद्र गोयल, यातायात प्रभारी लता मालवीय, शशिकांत मोहोड़ आदि अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में एसडीएम मनीष शर्मा ने शांति समिति के सदस्यों और धार्मिक संगठनों के सदस्यों से आगामी त्यौहारों को लेकर सुझाव मांगे।

बैठक में मौजूद श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष अनिल चौरसिया ने अधिकारियों को आगामी त्योहारों के बारे में विस्तार के साथ आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया। बैठक में श्री गणेश झांकी स्थलों पर लाइट व्यवस्था, सुरक्षा के लिए पुलिस की तैनाती, डोल ग्यारस व श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई।



### सांची : शांति समिति की हुई बैठक

**सांची।** थाना सांची में शांति समिति की बैठक रखी गई, जिसमें थाना प्रभारी जेपी त्रिपाठी ने नगर में गणेश उत्सव तथा अन्य त्यौहारों के बारे में नगर के पत्रकार बंधुओं और वरिष्ठ लोगों से बात करते हुए हर प्रकार की सुरक्षा सुविधा देने की बात कही। वही जहां-जहां ट्रैफिक व्यवस्था बहुत खराब है वहां पर पुलिस द्वारा व्यवस्था की जाएगी लोगों द्वारा सर्विस लाइन पर हो रहा है ट्रैफिक को सही सलामत करने की बात कही इस मौके पर थाना प्रभारी सहित पत्रकार और नगर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### आगामी त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील



**सलामतपुर।** सोमवार को थाने में त्योहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक का आयोजन दोपहर 12 बजे सांची नायब तहसीलदार ललित सक्सेना और थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी की अध्यक्षता में किया। बैठक में आगामी त्यौहार शांति पूर्ण तरीके से मनाने की अपील नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी द्वारा सभी नागरिकों से की गई। बैठक में गंगाराम चौकसे, सरपंच रघुवीर सिंह मीणा, बबलू पठान, नीरज जैन, रितेश अग्रवाल, संजीव यादव, हरीश मालवीय, मकसूद मंसूरी, श्रवण मालवीय, किशन मीणा, एवं नगर रक्षा समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## शांतिपूर्ण माहौल में मनाया जाएगा श्री गणेशोत्सव व नवरात्रि पर्व

**दीवानगंज।** आगामी त्योहारों को लेकर पुलिस चौकी दीवानगंज के प्रांगण में सोमवार को शांति समिति की बैठक संपन्न हुई। सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी, पुलिस चौकी दीवानगंज प्रभारी सुनील शर्मा ने बैठक ली। थाना प्रभारी ने कहा कि आगामी दिनों में गणेश उत्सव और मां दुर्गा उत्सव को लेकर शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाएं। आने वाले त्योहार ग्रामवासी सद्भावना के साथ मनाएं। बैठक में सरपंच गिरजेश नायक, समीम खान, इकबाल खान, सुरेश साहू, बादाम विश्वकर्मा, राकेश कुशवाहा , मुकेश नायक, सुरेश लोधी, रमेश अहिरवार, ओमप्रकाश लोधी सहित नागरिक व पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।

### आरोपी पर आबकारी अधिनियम की कार्रवाई

## पुलिस ने 20 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

थाना पुलिस ने अवैध शराब के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 20 क्वार्टर अवैध शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक पंकज पांडे के निर्देशन, एसडीओपी प्रतिभा शर्मा के मार्गदर्शन और सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश रघुवंशी एवं चौकी प्रभारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में की।

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि बरजोरपुर मार्ग पर एक व्यक्ति झोले में अवैध शराब लेकर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रधान आरक्षक दिलीप यादव और सत्येन्द्र लोधी मौके पर पहुंचे और आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा।पूछताछ और झोले की जांच करने पर उसमें 20 क्वार्टर अवैध शराब पाई गई। पुलिस ने मौके से शराब ज़ब्त कर आरोपी मोहनलाल रैकवार पिता मदनलाल रैकवार निवासी नीनोद के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आगे की जांच जारी है।

वहीं सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने बताया कि नशामुक्त अभियान के तहत नशीली दवाओं एवं शराब का अवैध व्यापार करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। स्कूल, कॉलेजों के आसपास स्थित दुकानों की नियमित जांच की जा रही है। इसके अलावा होटल, ढाबा सहित अन्य स्थानों का भी आकस्मिक निरीक्षण कर जांच की जा रही है। जांच में नशीले, मादक पदार्थो का अवैध कारोबार करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई भी की जा रही है।